# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail :**registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in


पत्रांकः सम्बद्धता/2635 /2026–27 दिनांक 21/09/2026

सेवा में,

01. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

02. समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

**विषयः– प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (17 सितम्बर, 2026 से दिनांक 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–03, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः 920/सत्तर–3–2026–2091267, दिनांक 16 सितम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (17 सितम्बर, 2026 से दिनांक 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः37/35–3/2026/नियोजन अनुभाग–3, दिनांक 15.09.2026 एवं प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 14.09.2026 को सम्पन्न वर्चुअल बैठक में दिये गये निर्देशों में अनुपालन में निम्नलिखित 07 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना हैः–

**01. आर्शीवाद का दिया (17.09.2026)**

- प्रत्येक महाविद्यालय, समस्त राज्य विश्वविद्यालय एवं समस्त निजी विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण भवनों/मुख्य स्थानों पर सायंकाल 07:00 बजे 50–50 अथवा 20–20 की संख्या में दीपक प्रज्जवलित करना।

**02. मेरे सपनों का भारत (17.09.2026 से 07.10.2026 तक)**

- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जाये। भाषण का विषय "विकसित भारत की संकल्पना" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ"रहेगा।
- पहले चरण में महाविद्यालय स्तर पर, दूसरे चरण में उनके विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर विश्वविद्यालय विजेताओं की प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताए करायी जाएगी। सभी स्तर से विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देना।

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता | 3–5 छात्र/छात्राओं का चयन |
| **विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता** | महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग |
| **राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा** | विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों/छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजन। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को कुल 78 पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। |

- भाषण प्रतियोगिता का आयोजन समस्त राज्य विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में पृथक–पृथक रूप से किया जाएगा।
- भाषण प्रतियोगिता में प्रत्येक चरण में चयनित छात्र–छात्राओं को प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जायेगा।

**03. नमोसेवा–अनकही कहानियाँ (18.09.2026 से 15.10.2026 तक)**

- "नमो सेवा गाधा" के रिकार्डेड कार्यक्रम/पायलेट वीडियो का प्रदर्शन। जिलाधिकारी से प्राप्त वीडियों का मंचन किया जाएगा।

- जिले की पूर्व निर्धारित टीमों से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड नाटकों का आयोजन। इसमे फाइन आर्टस विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।

**04. सेवा की कहानी (17.09.2026 से 20.09.2026 तक)**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर हुए सकारात्मक बदलाव की कहानी।
- इस बदलाव से हुए सकारात्मक प्रभाव की 30 सेकण्ड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना। विगत 08 से 09 वर्षों में हुए नये परिवर्तन को रील के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा।

**05. सेवा मेरा योगदान (17.09.2026 से 17.10.2026 तक)**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय किसी स्थान विशेष पर स्वच्छता, अभियान और सोन्दर्यीकरण का कार्य।
- योगदान से पूर्व की फोटो और योगदान के बाद की फोटों, वीडियोग्राफी।
- इस हेतु अपने शहर/जिले के सार्वजनिक स्थान को भी चयनित किया जा सकता है।
- नशामुक्ति अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित करना।

**06. सेवा का रंग राष्ट के संग (17.10.2026)**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रमुख स्थान पर 17X17 (महाविद्यालय स्तर पर) से लेकर 76X76 (विश्वविद्यालय स्तर पर) फुट आकार की रंगोली। उक्त कार्यक्रम में एन०एस०एस० से जुडे छात्र–छात्राओं की विशेष सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
- रंगोली की धीम "विकसित भारत" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएँ" हो।
- बारिश/हवा से सुरक्षा वाला स्थान चयनित किया जाये।
- फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ग्राउण्ड–शूट की व्यवस्था।

**07. सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों/स्टार्टअप्स, इनोटेशन करने वालों को एक मंच से जोड़ना।
- देश के प्रमुख केन्द्रों (दिल्ली, बेगलुरू, कोलकाता, महाराष्ट्र एवं गुजरात) में आयोजित होने वाले किसी इनोवेशन चैलेंस में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी हेतु संस्थान से छात्रों का ओरिएटेशन एवं मोटिवेशन किया जाना।
- उक्त कार्यक्रम के क्रियान्यन हेतु गूगल फार्म के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन किये जाने वाले इनोवेशन की सूचना एकत्र की जाए।

अतः आपकों सूचित/निर्देशित किया जाता है कि आप उपर्युक्तानुसार कार्यवाही करते हुए कार्यक्रम से संबंधित जियोटैग फोटोग्राफ एवं विडियो/रील अधोहस्ताक्षरी को समयान्तर्गत उपलब्ध कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. अध्यक्ष एवं संयोजक, साहित्यिक सांस्कृतिक परिषद्, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रो० अलका तिवारी, उप निदेशक, ललित कला संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
06. प्रभारी वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव